दिनांक 19.03.2023
प्रेस विज्ञप्ति 20/2023

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

जनपद कानपुर देहात/थाना सट्टी

- **15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 19.03.2023 को थाना सट्टी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मुंगीसापुर रोड पटेल भट्ठा के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त राजाबाबू को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना भोगनीपुर पर पंजीकृत अभियोग अन्तर्गत धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना सट्टी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–राजाबाबू निवासी मुंगीसापुर थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात।

कमिश्नरेट लखनऊ/थाना गोमतीनगर

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 18.03.2023 को थाना गोमतीनगर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त मिथलेश को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना गोमतीनगर पर पंजीकृत अभियोग अन्तर्गत धारा गैंगेस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना गोमतीनगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–मिथलेश निवासी महाराजपुर थाना भीमपुरा जनपद बलिया, हालपता छप्पन भोग जगनपुरा रोड थाना रामकृष्णा नगर पटना।

जनपद मुजफ्फरनगर/थाना तितावी

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **पुलिस कार्यवाही में 04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट की 70 लोहे की प्लेट**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर, जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 बोलेरो पिकअप आदि बरामद**

दिनांक 19.03.2023 को थाना तितावी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम बघरा के जंगल में बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–ईनाम 2–आश मोहम्मद उर्फ आस घायल हो गये, जिन्हे अभियुक्त 3–फुरकान 4–मोनीश सहित गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट की 70 लोहे की प्लेट, 02 अवैध तमंचा 315 बोर, जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 बोलेरो पिकअप आदि बरामद हुए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि थाना तितावी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना तितावी पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद प्लेट लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना तितावी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1—ईनाम निवासी मुस्तरक कस्बा व थाना मीरापुर जनपद मुजफ्फरनगर।

2—आश मोहम्मद उर्फ आस निवासी निराना थाना सिखेडा जनपद मुजफ्फरनगर।

3—फुरकान निवासी मोरना थाना भोपा जनपद मुजफ्फरनगर।

4—मोनीश निवासी निधि कालोनी थाना कोतवाली नगर जनपद मुजफ्फरनगर।

बरामदगी

1—लूट की 70 लोहे की प्लेट।

2—02 अवैध तमंचा 315 बोर, जीवित/खोखा कारतूस।

3—घटना में प्रयुक्त 01 बोलेरो पिकअप आदि।

जनपद मुजफ्फरनगर/थाना रामराज

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर, जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर) बरामद**

दिनांक 19.03.2023 को थाना रामराज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर जमालपुर नहर पुल के पास देवल नहर पटरी पर मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त कलीम उर्फ बिहारी घायल हो गया, जिसे अभियुक्त शमशाद सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध तमंचा 315 बोर, जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर) बरामद हुई। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त कलीम उर्फ बिहारी के विरूद्ध जनपद मुजफ्फरनगर के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के एक दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना रामराज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1—कलीम उर्फ बिहारी निवासी निराना थाना सिखेडा जनपद मुजफ्फरनगर।

2—शमशाद निवासी नसीरपुर थाना नईमण्डी जनपद मुजफ्फरनगर।

बरामदगी

1—02 अवैध तमंचा 315 बोर, जीवित/खोखा कारतूस।

2—01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर)।

जनपद महोबा/थाना कबरई

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के लगभग 01 लाख रूपये कीमत के आभूषण बरामद**

दिनांक 19.03.2023 को थाना कबरई पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर हमीरपुर बाईपास पहरा मोड़ के पास से 02 अभियुक्तों 1—कल्लू उर्फ करीम 2—बुद्धू को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के लगभग 01 लाख रूपये कीमत के आभूषण बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 10.03.2023 को थाना कबरई क्षेत्रान्तर्गत चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कबरई पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे।

इस सम्बन्ध में थाना कबरई पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1—कल्लू उर्फ करीम निवासी गांधीनगर कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा।

2—बुद्धू निवासी मो0मोचीपुरा थाना कबरई जनपद महोबा।

बरामदगी

1—चोरी के लगभग 01 लाख रूपये कीमत के आभूषण।

———–